मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-369
04/08/2021

# मुख्यमंत्री ने पटना के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कोविड प्रोटोकॉल के पालन का लिया जायजा

पटना, 04 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कोविड प्रोटोकॉल के पालन का जायजा लिया। अपने भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने देखा कि लोग मास्क लगाने को लेकर कितने जागरूक हैं, विभिन्न स्थलों पर सामाजिक दूरी का पालन हो रहा है अथवा नहीं। इस दौरान उन्होंने बोरिंग कैनाल रोड, राजापुल, गांधी मैदान, एक्जिबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, कंकड़बाग मेन रोड, डॉक्टर्स कॉलोनी, मुन्ना चौक, कंकड़बाग टेम्पु स्टैंड, करबिगहिया एवं मीठापुर का भ्रमण कर जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा भी उपस्थित थे।

******